## FAREWELL TO RETIRING MEMBERS

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, today we bid farewell to some of our colleagues who are retiring on the 2nd April, 2000, after completion of their term. Some, doubtless, will be re-elected while others will make way for new Members. The process of democratic renewal, so unique to the Rajya Sabha, will continue.Those who are retiring will, certainly, be missed by the House. Parting from one's colleagues brings sadness, which is but natural. When the House meets again, some familiar faces will be missing. I have no doubt, they will be missed as much by adversaries as by allies. The House is a special place where familiarity breeds affection, not contempt.

As a Presiding Officer of this House, I shall, certainly, miss you - the passion of your arguments, the liveliness of your speeches; your temper and your laughter, your annoyance and your courtesy. If the House didn't have its moods, it shall be quite a boring place. Consistency is the virtue of dull assemblies.

The membership of the Rajya Sabha is an intimately personal and intensely political experience. The hon. Members, who retire today, were the veterans whose contributions enhanced the stature of this House and helped mould public policy to subserve larger causes. One of my enduring joys as Chairman was to watch adversaries bury their differences to uphold institutions. I have already considered it my duty to promote that understanding. I am glad, I never felt let-down in my labours.

Many of these veterans retiring today, had mastered the art of debate and, even while taking digs at political opponents, remained civilized and decorous. I valued their help in maintaining the sanctity of the well of the House and, despite occasional aberrations, the inviolability of the Question Hour. I believe that civilized debate is the finest form of communication that removes misunderstandings, promotes understanding and enables common good to transcend political, ideological and personal barriers. I am quite sure, when you look back on your life, at some distant date; or when you will speak to your grandchildren about your journey through life, your term in this House will, if I may use a familiar Parliamentary terminology receive a "special mention". You shall feel proud of this chapter in your life's story. I know, those leaving this House on completion of their term will miss its special ambience, its unending excitement and will be marvelling, for a long time to come how, sitting in this precincts, they influenced the course of India's history. I place on record my heartfelt appreciation of the valuable

contributions the retiring Members have made to the deliberations of the House, and the service they have rendered to Parliamentary democracy. Personally, I am grateful for the courtesy and consideration they have always shown me in conducting the business of the House. I wish them good health, happiness, success and long years of service to the nation. The House shall ever remember their association.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (DR. MANMOHAN SINGH): Mr. Chairman, Sir, I wish to associate myself with the noble sentiments that you had just now expressed on behalf of all the Members of this House. Ours is a democracy committed to the ideals of an open society, an open society trying to transform itself with in the framework of the rule of law. Parliament plays a very important role in facilitating that process of social and economic transformation. We live in a world where the only constant thing is change itself. But ours is an unique institution - Rajya Sabha - change with continuity. Every two years, some Members retire, some fresh blood is introduced and that adds to the vitality of our institution, as reflected in the changing moods of our country; and that is as it should be. So, we will miss the absence of our colleagues who will be retiring today. Some of them have been stalwarts of our political life, but political life does not begin or end with Parliament. Our political system needs their guidance so that, collectively, we can work together to attain the cherished goals enshrined in our Constitution, to get rid of the chronic poverty, ignorance and disease which still afflict millions and millions of our countrymen and countrywomen. So, those of our colleagues who will not be coming back, 1 do hope that, at a later stage, they would be able to come back. But even those who are not coming back, I think they have a very important role to play in ensuring that politics in our country remains a purposeful instrument of social and economic change. We will rejoice when you come back and those who will not be coming back, I wish to say *bon voyage.* We will miss your absence, but you have an important task still to perform in our country, in the social and economic life, in a different capacity.

MR. CHAIRMAN: Shri E. Balanandan. He is not here. Dr. P. Alladi Rajkumar. He is also not here. Shri S. Viduthalai Virumbi.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, I wish to associate myself, on behalf of the DMK party, in offering good wishes to the retiring Members. Sir, the Leader of the Opposition just now

said that public life is not beginning or ending only with this august House. After having served for decades together in public life, our colleagues have entered here. Some of our elders paved the way for us to enter this august house. We also have to pave the way for the others to enter. But, at the same time, we have moved like a family. When some of our colleagues are retiring, we are genuinely feeling their departure. It is a natural feeling. Yet, it is unavoidable. We hope some of our friends come back again. Those, who do not, we hope, will come at least in the next elections. Even if they don't come back to this House, we hope they will be engaged in public service throughout their life. As Alfred had said, we are all working for one thing and, that is, welfare of the nation. Maybe, our strategies are different for achieving our aims and ambitions: We may be aggressive sometimes; there may be acrimony sometimes because whatever takes places in the august House is mainly based on our convictions; but, when we come out in the Lobby, one can find us standing shoulder to shoulder, which in a way symbolises that the unity and the integrity of our nation is strong and our National Flag is flying high. I hope we will continue to get the services of our colleagues who are retiring from this august House and I also hope they will have a better life in future and that they will guide the future generations. With these words, 1 offer my good wishes and conclude my remarks.

**प्रो. रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) :** सभापति महोदय, रिटायर होने वाले माननीय सदस्यों के प्रति सभापति जी ने और हमारे पूर्व वक्ताओं ने जो सेंटीमेंट व्यक्त किए, मैं उनसे अपने आपको सम्बद्व करता हूं। महोदय, राज्य सभा का यद्यपि सरकार को बनाने बिगाड़ने से कोई रिश्ता नहीं होता हैं लेकिन इस सदन का अपने आप में एक बहुत महत्व हैं। हममे से बहुत सारे सदस्य यह जानते होंगे कि ब्रिटेन के हाउस ऑफ लाड्र्स के बारे में लोग एक कमजोरी के कारण यह कहने लगे क यह सदन समाप्त कर दिया जाए और फ्रांस के एक विद्वान अब्बेसीद ने तो यहां तक कहा कि

तभी ब्रिटेन के बहुत सारे लोगों ने कहा था कि यह वह सदन हैं जिसमें लार्ड नेल्सन जैसे लोग रहे, लार्ड टेनिसन जेसे लोग रहे, लार्ड केलविन जैसे लोग रहे और भी बहुत सारे वैज्ञानिक, विचारक, समाजसेवी लोग रहे। उनका अपना एक महत्व होता हैं, उनका अपना एक योगदान होता हैं। सदन की शक्ति चाहे जितनी सीमित हो लेकिन उनके योगदान को कभी नकारा नहीं जा सकता हैं।

सभापति महोदय, हमारी संसद का यह अपर हाउस है। इसमें भी शुरू से लेकर

अब तक ऐसे बहुत सारे लोग रहे हैं जिनका योगदान भारतीय राजनीति में, भारत के लेजिसलेशन की प्रक्रिया में अविस्मरणीय रहा हैं। मुझे खुशी हैं कि इस सदन के बहुत सारे सदस्य जो रिटायर हो रहे हैं, वे वापस आ रहे हैं, लेकिन कुछ बहुत महत्वपूर्ण लोग रिटायर होकर भी जा रहे हैं, जिनके बिछड़ने का हमें दुख हैं। श्री जनेश्वर मिश्र जी, श्री राजनाथ सिंह जी, श्री नीलोत्पल बसु जी, श्री हंसराज भारद्वाज जी वापस आ रहे हैं और इनके आने की हमें खुशी हैं। लेकिन बहुत वरिष्ठ नेता आदरणीय सीताराम केसरी जी, श्री गुरूदास दासगुप्त जी, श्री एच. हनुमनतप्पा जी ये ऐसे लोग हैं जिनके रहने मात्र से ही इस सदन की गारिमा बढ़ जाती हैं। इनके न रहने से हमें एक कमी महसूस होगी, हो सकता है कि इस कमी को आने वाले सदस्य पूरा करें लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं लगता हैं। दो साल के बाद ये फिर आएं मेरी यह कामना हैं। एक बार फिर इन सबके उज्जवल भविष्य के लिए, अच्छे स्वास्थ्य के लिए मैं अपनी तरफ से और अपनी समाजवादी पार्टी की तरफ से इनके भविष्य की कामना करता हूं। धन्यवाद।

SHRI J. CHITHARANJAN (Kerala): I associate myself with the sentiments expressed by the hon. Chairman regarding our respected colleagues who are retiring from the House. Sir, I also take this opportunity to offer my good wishes to all of them. These colleagues have been with us for a few years. They have all participated in the debates as well as in the Legislative Business in their own distinctive ways. Each one of them have played a very effective role. Some of these colleagues may return to the House immediately, but, at the same time, some may not come back. In the case of those who may not come back to the House immediately, they will still continue in the political field, or, in some other fields, and render a great service to the people and the nation. I wish all of them great success in their future life. I also wish them good health. Thank you, Sir.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu) : Mr. Chairman, Sir, in associating myself with the sentiments expressed by you and other Members of the House, I, on behalf of the AIADMK Party, wish them a good future and prosperity. Sir, parting is always disappointing, but it will be for everyone of us. Today it may be for some of our brothers, but tomorrow it will be for us. Sir, nobody is here for ever. Today, some of our brothers are parting with us. They would ever be remembered by the whole nation for the valuable contributions they have made in moulding the nation. Whenever there was a crisis before the nation, all the Members, cutting across party lines, contributed, with their valuable suggestions, to solving the problems and

moulding the nation in such a way that our nation can be at par with the other nations. Their contributions have proved their eminence, and their eminence is made known to the whole country and to the world. 1 hope they would continue to give their valuable suggestions, even after retiring from the House. A politician is always a politician, whether he remains in this House or outside. The retiring Members would continue to render their valuable services to the nation. I, once again, wish them all a good future and prosperity. Thank you, Sir.

**सरदार बलविन्दर सिंह भुंडर (पंजाब) :** आदरणीय चेयरमैन साहब, आज जो हमारे साथी अपना समय पूरा करके हमारे यहां से जा रहे है, आपके ख्यालों के साथ और मुझसे पहले बोलने वाले वक्ताओं के साथ मैं भी अपनी शुभकामनाएं उनके लिए शामिल करता हूं। यह कुदरत का तरीका हैं और हमारी डैमोक्रेसी का भी तरीका हैं कि कुछ समय के बाद जाना पड़ता हैं लेकिन हम आशा करते है कि उनमें से बहुत से जल्दी ही हमारे पास फिर आ जाएंगे। जो नहीं भी आ सकेंगे, उनके लिए भी हम आशा करते हैं कि कुछ समय के बाद आएंगे। अगर किसी कारण से नहीं भी आ सकेंगे तो हम आशा करते हैं कि जो उनका तजुर्बा हैं, जो उन्होने समाज की लम्बे अरसे से सेवा की हैं, उसी तरह वह अच्छी सेहत के साथ देश की सेवा करते रहेंगे।

हमारे बहुत से सीनियर साथी बहुत काबिल हैं जिनके अगर मैं नाम लू तो बहुत समय लग जाएगा, मैं अपनी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की तरफ से और अपनी तरफ से आशा करता हूं कि उनकी सेहत ठीक रहे और वे हमेशा कामयाब रहें। हमारी दुआंए हमेशा उनके साथ रहेगी, धन्यवाद।

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Sir, I wish to thank all our retiring colleagues. All of them have contributed greatly to the smooth running of the House and towards enacting judicious laws with all their rich experience. We, the new entrants to this House, have been guided, very efficiently, by our seniors. I hope, their rich experience will contribute to the enrichment of the nation. Sir, I, on my behalf and, on behalf of the Telugu Desam Party, wish them success in their future national endeavours.

**श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया (उत्तर प्रदेश)** : माननीय सभापति जी, इस हाऊस ने भारतवर्ष के अति कठिनाई के दिनों में, कष्ट के दिनों में और परीक्षा के दिनों में कौम की आगवानी की हैं। इसी हाऊस ने बहुत सी हस्तियों को अति प्रतिष्ठित बनाने , उनकी काबिलियत, अक्लमंदी, देशभक्ति और विकास के प्रति उनकी बुद्धि का प्रयोग करने के मौके

प्रदान किए। हमारे बहुत से तजुर्बेकार साथी रिटायर हो रहे हैं। पुराने जमाने में कहा जाता था कि नदी में मौका पर बैठने वाले जब एक दफा बैठा जाएं तो दूसरे दिन क्या, एक घंटे बाद भी वे सब लोग उसमें नहीं रहते। उनमकें से एक-दो बिखर जाते हैं। इसी तरह इस देश की किस्मत की नौका की यह पवित्र जगह, इस सदन में जितने साथी आते हैं, वे आहिस्ता-असहिस्ता अवकाश ग्रहण करते हैं और नए साथी आते रहते हैं। हमारे साथियों का महान तजुर्बा रहा। गुजरा हुआ अतीत अध्ययन के काम आता हैं और उस अध्ययन के तजुर्बे से भविष्य की योजनाएं और फैसलों के ठीक होने की संभावना बढ़ती है। दरियाओं का पानी जब एक दफा बह जाता हैं तो दोबारा वापस नहीं आता। आज हम में से कुछ माननीय मित्रों की सदस्यता समाप्त होने जा रही है लेकिन उनके लोकसेवा के जीवन की समाप्ति नहीं होगी। वे पहले भी प्रेरणास्रोत थे और आगे भी रहेंगे।

महोदय, हमारा जो यू.पी.जी.ग्रुप है, इसके नेता श्री जयन्त मल्होत्रा जी के बारे में मैं जिक्र जरूर करना चाहूंगा। उन्होने इस हाऊस में नए सदस्यों की हमेशा आगवानी की जिसकी लिए मैं अपनी तरफ से और यू.पी.जी. ग्रुप की तरफ से उनको धन्यवाद कहना चाहूंगा। सदन से जाने वाले साथियों के लिए हम दिल की गहराई से शुभकामना करते हैं और उनमे से जो वापस आ रहे हैं, उनका स्वागत करते हैं। इस रिश्ते को आजीवन इसी तरह बनाए रखने की भगवान से कामना करते हैं। धन्यवाद।

**श्री राघवजी (मध्य प्रदेश)** : सभापति जी, आपने मुझे इस विदाई के अवसर पर बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं यह निवेदन जरूर करना चाहूंगा कि जिस तरह से मेडन स्पीच के समय से आसन की ओर से समय की चाबुक नहीं चलती हैं वैसी ही चाबुक अगर इस पार्टिग अवे स्पीच पर नहीं चले तो मुझे बहुत खुशी होगी। वैसे तो मैं इस बात को छिपाना चाहूंगा कि इस गरिमामय सदन की सदस्यता पुनः न मिलने पर मुझे दुख हैं। कुछ लोग छिपाते हैं लेकिन उनको भी दुख होता हैं। मेरी तो यह पहली टर्म थी लेकिन ऐसे भी सदस्य हैं जिनकी कई टर्म्स हो चुकी हैं परन्तु उनके भी मन मे दुख तो होता ही हैं। यह सदन और राज्य सभा की सदस्यता ऐसी मेनका हैं जो कई विश्वामित्रों का मन मोह लेती हैं। हम तो एक साधारण सदस्य हैं इसीलिए हम प्रभावित हो रहे हैं यह कोई बड़ी बात नहीं हैं। हम इस बात से तसल्ली कर लेते हैं कि चलो हमको तो पूरे छः साल हो गए लेकिन हमारे कुछ ऐसे साथी हैं जिनके दो साल भी पूरे नहीं हुए है, मेरे साथी प्रफुल्ल गोरडिया जी है, शायद ओंकार सिंह लखावत भी हैं। ये भी पुनः नहीं आ पा रहे हैं। इससे भी हम संतोष कर लेते हैं। मुझे यह सौभाग्य मिला हैं कि मैं विधान सभा का भी सदस्य रहा, लोक सभा का भी सदस्य रहा

और अब राज्य सभा में हूं। मैं दुर्भाग्य से विधान सभा के डेढ़ वर्ष, लोक सभा में पहले ढाई साल, दूसरी बार सवा साल सदस्य रहा हूं। यह खुशी की बात हैं कि राज्य सभा की टर्म शायद दो अप्रैल तक पूरी कर लूंगा अगर आप सब की दुआएं और आशीर्वाद रहा तो। एक बार राज्सभा की टर्म आठ-दस महीने के लिए थी। जिन लोगों ने यह दो अप्रैल की व्यवस्था की हैं यह बहुत सोच-समझकर की हैं, ऐसा मुझे लगता हैं। क्योंकि वर्ष शुरू होता हैं एक अप्रैल से और अगर हम किसी को कहते है कि एक अप्रैल को हम रिटायर हो रहे हैं तो कोई मानने को तैयार ही नही होता। कोई आने वाला सदस्य यह कहता है कि हम राज्य सभा मे जा रहे हैं तो उस बात पर भी लोग विश्वास नहीं करते इसीलिए शायद दो अप्रैल का समय रखा होगा।

वैसे ऋतु भी बहुत सोच-समझकर रखी गई हैं, वसन्त ऋतु। इसमें पतझड़ भी होता है, कुछ पत्ते झड़े हैं, कुछ झड़ते-झड़ते रह गए हैं, नई कोपलें आने वाली हैं। यह ऋतु से भी मेल खाता हैं, ऐसे अवसर पर हम विदा ले रहे हैं।

सभापति जी, आप तो इस सदन के मुखिया हैं। आपसे हमको बहुत स्नेह मिला हैं। आपने मुखिया जैसा ठीक व्यवहार किया हैं। धैर्य से हमारी बात सुनी हैं। जरूरत पड़ने पर संरक्षण दिया हैं, प्रोत्साहन दिया है। आवश्यकता पड़ने पर समझा भी हैं और कभी-कभी फटकार भी दिया हैं, जो कि बहुत जरूरी है। नजमा जी यहां नहीं हैं लेकिन वे तो सदन को चलाने में विशेषज्ञ हैं। कभी पुचकार कर. कभी समझाकर , हर प्रकार से अपना काम निकालकर सदन को ठीक प्रकार से चलाने की कोशिश करती रही हैं। हमारे सदन के नेता श्री जसवन्त सिंह जी यहां मौजूद हैं। उनकी गम्भीर वाणी सदन में इस प्रकार से खनकती हैं जैसे राजस्थान के सच्चे राजपूत सरदार के नपे-तुल्ले शब्द होते हैं। मैं इनसे यह निवेदन जरूर करना चाहूंगा कि थोड़ा सा इतना अवश्य कर लें कि मुस्कुरा कर बात कर लिया करें। अगर मुस्कुरा लेते हैं तो ऐसा लगता हैं कि बहार आ गई हैं। हमारे प्रधान मंत्री जी आज यहां मौजूद हैं वे इस सदन के सदस्य नहीं हैं, यह बात सही हैं लेकिन हम सब के नेता हैं, इस देश के नेता हैं। मेरा यह सौभाग्य हैं कि मैंने उनके उत्तराधिकारी के रूप में इस सदन में प्रवेश किया था हालांकि उस वक्त दस ही महीने रहा था। मेरी गुस्ताखी भी होगी, यह कहने में लेकिन मैं यह कहने का लोभ नहीं छोड़ पा रहा हूं कि वे भी मेरे उत्तराधिकारी के रूप में एक बार लोक सभा में आए थे।

हमारे प्रतिपक्ष के नेता डॉ0 मनमोहन सिंह जी आर्थिक क्षेत्र के जादूगर हैं, उम्र में और अनुभव में वरिष्ठ भी है। मेरा क्षेत्र भी उसी प्रकार का रहा है। इनसे मैंने बहुत कुछ सीखा है। जब कभी मैंने सदन में आर्थिक या वित्त संबंधी बातें प्रस्तुत की तो उन्होने

हमेशा प्रोत्साहन दिया हैं और जहां कहीं सुधार की गुजांइश होती तो उसे सुधारते रहे हैं। ये गुण तो हैं ही इसके साथ ही वे बड़े मधुरभाषी हैं। उनकी आवाज बहुत मधुर हैं। लेकिन इस बात जो हमें आकर्षित करती हैं वह यह हैं कि उनकी सेहत बहुत अच्छी हैं। इस उम्र में भी चुस्ती और फुर्ती उनमें हैं उसे देखकर कभी-कभी मोरारजी देसाई जी की याद आ जाती हैं जो 82 वर्ष की उम्र में भी इतने ही चुस्त थे। हम उनसे इसका राज जानना चाहते हैं कि किस प्रकार वे ऐसा कर पाते हैं। हमारे प्रणव दा जी तो रूल्स प्रोसिजर के विशेषज्ञ हैं। अपनी बात में उनका अनुभव झलकता हैं। हम उनसे यह जानना चाहते हैं कि कम से कम इतना राज हमें जरूर बता दें कि राज्य सभा में बार-बार कैसे आया जाता हैं। हमारे आजम जी तथा सदन के अन्य माननीय अध्यक्षीय पैनल के सदस्य श्री टी.एन. चतुर्वेदी साहब, कुमारी सरोज खापर्डे, श्री सनातन बिसि, श्री शिरोदकर जी, श्री सलीम साहब और श्री सुरेश पचौरी जी, इनसे भी बहुत-कुछ सीखने को मिला हैं। हर एक की अपनी-अपनी अलग शैली हैं, विशिष्टता हैं सदन चलाने की। चतुर्वेदी जी तो बहुत माहिर हैं, बहुत अनुभव हैं उन्हे। सनातन बिसि जी जब अपनी विशिष्ट उड़िया इंग्लिश में सदन चलाते हैं तो बहुत आंनद आता हैं। शिरोदकर जी के व्यग्यं और कभी-कभी बहुत अच्छे अनुभव सुनने को मिलते हैं। सुरेश पचौरी जी तो खैर मेरे क्षेत्र के मित्र है। इसके अलावा सभी विभिन्न राजनीतिक दलों के माननीय लोगों ने जो कुछ बातें हमारी विदाई के अवसर पर कहीं हैं उसके लिए हम उनका आभार व्यक्त करते हैं। हम उन्हें यह विश्वास दिलाते हैं कि हम यह कोशिश करेंगे कि हम जहां कहीं भी रहें, इस सदन से जो अनुभव प्राप्त किया हैं, उसका उपयोग उन क्षेत्रों में भी करने का प्रयत्न करेंगे। हमारे राज्य सभा के सदस्य, माननीय मंत्री प्रमोद महाजन जी सदाबहार हैं, उनकी वाणी में तो ओज हैं। वे हमेशा मदद करने के लिए तत्पर रहते हैं। राम जेठमलानी जी बहुत वरिष्ठ हैं लेकिन जब कभी भी किताबों और तैयारी से आते हैं सदन में तो इच्छा होती हैं कि बैठे रहे और उनका भाषण सुनें क्योंकि वे हमेशा ऐसे विषयो पर बोलते हैं जो विवादास्पद होते हैं और जब सामने वाले प्रोवोक होते हैं तो बहुत-सी अच्छी बातें समझने और सीखने को मिलती हैं, खास तौर से जब कपिल सब्बिल साहब और उनकी जोड़ी होती हैं तो ऐसा लगता हैं कि सुप्रीम कोर्ट का नजारा सदन में प्रस्तुत हो रहा हैं। राजगोपाल जी तो हमारे पेटीशन कमेटी के अध्यक्ष थे, हम पर बहुत स्नेह रखते है। अरूण शौरी साहब जब अपनी मीठी वाणी में तथ्यों से भरपूर अपनी बात रखते हैं तो ऐसा लगता हैं कि सुनतें रहें। उनकी जोड़ी में हैं कुलदीप नैयर जी। वे भी मेरे मित्र हैं। उनके साथ तो मुझे कॉमन वेल्थ कांफ्रेंस के एक डेलीगेशन में जाने का मौका भी मिला हैं, वे भी बहुत स्नेह रखते है। इस सदन में कुछ बहुत अच्छी जोड़िया भी मिली हुई हैं जैसे जेठमलानी जी और कपिल सिब्बल साहब
,

अरूण शौरी और कुलदीप नैयर साहब, शत्रु जी और शबाना आजमी जी कुछ ऐसी जोड़ियां हैं जो बहुत अच्छी हैं। शत्रु जी यहां हैं नहीं। उनका नाम शत्रु जरूर हैं लेकिन वे मित्र ज्यादा हैं। बड़ी खुशी होती हैं जब वे आत्मीयता से बात करते हैं अपनी सारी व्यस्तता को भुलाकर। अपने अड़ोस-पड़ोस के साथियों के नामों का उल्लेख करना भी मैं उचित समझता हूं। वेंकैया नायडु साहब, मैं तो हमेशा उनकी प्रंशसा करता हूं कि उनका मस्तिष्क एक कंप्यूटर की तरह काम करता हैं। एक साथ इतने सारे काम कर लेते हैं यह देखकर आश्चर्य होता हैं। इनसे भी मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वेद प्रकाश गोयल जी, पीछे बैठने वाले दवे साहब, रामदास अग्रवाल जी आदि हमें समय-समय पर प्रोत्साहन देते रहे। दीपांकर मुखर्जी साहब और संजय निरूपम, आजम साहब इन सब के लिए कहने के लिए तो बहुत कुछ हैं लेकिन समय का ध्यान रखनर पड़ेगा। हमारे लक्ष्मीलाल सिंघवी साहब नहीं हैं उनका भी हमारे ऊपर स्नेह रहता है हमारे सेक्रेटरी-जनरल श्री त्रिपाठी जी, इनका भी हम पर बहुत स्नेह रहा हैं।

मुझे सौभाग्यवश या संयोग से एक दो बार विदेश जाने का अवसर मिला है जिसमें उनका साथ रहा। उनको विदेश में आने जाने का अनुभव ज्यादा रहा हैं, वे हमारा सहयोग करते रहे हैं। हमारे एक और रेल राज्य मंत्री जी हैं, वह भी हम को सहयोग करते रहे हैं। अंत मैं कहना चाहूंगा कि विदाई के अवसर पर विज्ञान भवन में एक कविता सुनाई गई थी। उसमें कहा गया था कि हम जा रहे हैं लेकिन खाली हाथ नहीं जा रहे हैं। मैं उनको यहां पर दोहराना चाहूंगा। हम इस सदन से जरूर जा रहे है लेकिन खाली हाथ नहीं, अपने दिलों में सब मित्रों की यादे संजोए हुए जा रहे हैं जो हमें आगे हमेशा मदद करती रहेंगी और उन यादों को संजो कर अपने दिल में भर कर हम जा रहे हैं। इस अवसर पर मैं एक छोटा सा शेर सुनाना चाहता हूं हालांकि मैं शेरो-शायरी नहीं करता हूं। लेकिन कुछ ऐसा लगा, बिलकुल मौजू हैं, समय के हिसाब से—

गर्ज के काट देंगे जिन्दगी के दिन ए दोस्त,
वो तेरी याद में हो या तुझे भुलानें में हों।

जो आगे की जिन्दगी हैं वह काटनी हैं, वह कट जाएगी, कुछ आप लोगों को याद करने में और कुछ आप लोगों की याद भुलाने में। इतना कह कर अंत में मैं यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं, हम तो जाते अपने गांव , अपनी राम राम।

**श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) :** माननीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने थोड़ा समय मुझे भी दिया। अभी राघवजी बोल रहे थे। मेरी अपनी

याददाश्त में यह पहला "राघवजी" हैं जो दुख से शुरू हो कर सुख पर आया हैं। बहुत परेशान रहा राघवजी। लेकिन जिन्दादिल है। विदिशा की धरती की कुछ ऐसी गरिमा हैं कि वहां जिन्दा दिल लोग ज्यादा पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री जी सदन में हैं । इस विशेष अवसर पर मैं 12 पंक्तियां हमारे जाने वाले मित्रों के प्रति पढ़ता हूं। माननीय सभापति महोदय, मेरी इस बेंच को देखें जिसे मैं अपनी गली कहा करता हूं। ऐसे मुकाम पर मुझे बैठाया गया हैं कि मेरे इधर वाला भी गया और उधर वाला भी गया। सभापति महोदय वीणा जी भी जा रही हैं और राधाकिशन मालवीय जी भी जा रहे हैं। सारा मोहल्ला उजड़ रहा हैं। जब मैं आया था जब यहां पर संतोष भाई बैठे हुए थे, वह भी उस गली में चले गये। यह तो गनीमत हैं कि आपने किदवई साहब को इधर बैठा दिया तो थोड़ा माहौल सुधार गया वरना मेरे दायें-बांये दोनो बाजू कट गये थे ....(**व्यवधान**)... गौतम जी आप जब विदा होंगे तो मैं नाचूंगा। माननीय सभापति महोदय,यह क्षण उदासी का हैं। लॉबी में जाते हैं जब जाने वाले मित्रों से मिलते हैं तो थोड़ी उदासी आती हैं। मैं पौने दो साल से आपके संरक्षण में बैठा हुआ हूं। बहुत कुछ सीखने को मिल रहा हैं। सामने अटल जी नजर आते हैं। उधर देखता हूं तो प्रणब दादा से बात होती है, इधर देखता हूं तो मनमोहन सिंह जी से बात होती हैं। ऐसे बड़े बड़े लोग हैं जिनका हमें सपना भी नहीं आता था, उन्हे जब सामने देखता हूं तो अच्छा लगता है। आपके संरक्षण में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। देश हमारी बात को सुनता है। पहले ही दिन मैं पढ़ना चाहता था लेकिन अभी 10-12 पंक्तियां पढ़ रहा हूं। अटल जी ने आते ही चमत्कार कर दिया। यहां से उठा कर यहां वालों को वहां बैठा दिया। हमारे सिकन्दर बख्त साहब बैठे हुए थे, सदन के नेता थे, इनको इधर लाया गया और जसवंत सिंह जी को वहां बैठाया। उस दिन मुझे सूझा था लेकिन आपके डर से बोला नहीं। आज अटल जी यहां है, दोनों बैठे हुए हैं, इसलिए मैं 10-12 पंक्तियां पढ़ने से पहले अटल जी से प्रश्न करना चाहता हूं। राघवजी ने कहा कि जसवंत सिंह जी थोड़ा मुस्करा कर बोलें तो ठीक लगता हैं। मैं सिर्फ अटल जी से पूछना चाहता हूं प्रधानमंत्री जी।

आखिर कसूर क्या था बरगद के पेड़ का,
जो काट कर उसकी जगह पीपल लगा दिया।

मैं अटल जी का आर्शीवाद चाहता हूं। मैं बख्त साहब का तो आशीर्वाद चाहता हूं और जसवंत सिंह जी से शुभकामनाएं चाहता हूं तथा अटलजी से मुझे उत्तर नहीं चाहिए। यह इनके भीतर का मामला है। आपने बरगद की जगह पीपल लगा दिया हैं। हम तो इन दोनों की पूजा कर रहे है और सब कुछ आपकी उपस्थिति में करते हैं। हमें खुशी होती हैं।

इस सदन की गरिमा का और आपकी महिमा का बहुत गर्व के साथ सिर ऊंचा करके बखान किया करते हैं। अटल जी जैसे वरिष्ठ कवि इस सदन में हमारे सामने मौजूद हैं। परसों के दिन मैं नहीं था वहां पर, वरना मैं वहां भी पढ़ता, दूसरी कविता पढ़ता। लेकिन यहां 12 पंक्तियां आपकी आज्ञा से पढ़ रहा हूं और मेरा विश्वास हैं कि ये 12 पंक्तियां मेरी तरह के कई लोगों की तरफ से हैं जो हमारे जानने वाले साथियों को, बहिनों को और भाइयों को हम अर्पित कर रहे हैं। मैंने लिखा है—

आज मन भारी बहुत है, कंठ में अवरोध है
वेदना सम्वेदना का कुछ निराला बोध हैं
आप सबके वास्ते तो बात हैं बिल्कुल जरा सी
इस विदाई के प्रहर में आ रही हैं कुछ उदासी
जिस तरह गौरव दिया हैं आपने इस कर्म को
इक नयी आभा मिली हैं लोकतांत्रिक धर्म को
निस्सीम इस आकाश में भी स्वयं को सीमित रखा
काठ की इन कुर्सियों को आपने जीवित रखा।
शुभकामना के साथ यह सारा सदन देता विदा
भूल पायेंगे नहीं हम आपके अवदान को
याद हम हरदम रखेंगे आपके सम्मान को।
बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री राघवजी :** सभापति जी, एक मिनट।

मैं अपनी बात को अधूरा मान रहा हूं इसलिए कि मैं उस समय माननीय सिकन्दर बख्त साहब का जिक्र नहीं कर पाया। वे हमारे सदन के नेता थे और वास्तव में भरपूर उन्होने हमको स्नेह दिया है। उनके भाषणों, तकरीरों में कई बार हमको जो शेर और शायरी सुनने को मिलती रहती थी पता नहीं अब 3-4 महीनों से वह सुनने को क्यों

नहीं मिल पा रही हैं। मेरे ऊपर उनका विशेष रूप से स्नेह रहा है, शुरू में आखिर तक और हर वक्त और हर कदम पर वे मदद करते रहे है। मैं चाहूंगा कि इस अवसर पर वे एकाघ शेर अवश्य सुना दें। तो मैं उनकी भी याद इसमें जोड़ना चाहता हूं।

SHRI PRAFULL GORADIA (Gujarat) : Mr. Chairman, Sir, may I shift to some hard-headed economics, after we have heard so much emotional poetry? Hon. Shri Dipankar Mukherjee referred to the voluntary retirement scheme earlier this morning, while discussing a question. He said, 'V.R.S'. Sir, I feel that not only are we retiring; at least, in my case, I am also getting a good golden hand-shake, as defined by Shri Ansari Sahib, again this morning. Of course, I am going, according to the law because as my trade union friends know very well, under the Industrial Disputes Act, the principle is, "Last come First Go; Last in First Out." I think I have the honour *of* obeying that law. I came here only 23 months ago and, therefore, I consider myself about the youngest Member of this august House. I assure you that the compensation, the VRS, that I have received, is both economical as well as emotianally satisfying. As far as economics is concerned, not that I am one myself, but there must be many hard-headed economists here in this House who will appreciate that the essence of economics is minimum of input and maximum of output. 1 think, in my case, it applies very appropriately because I came here not knowing how to speak in public. I had very limited political experience. This august House has given me in these 23 months a glorious opportunity at least to be able to stand up and say a few words. Before I came here, as far as I remember, every time I tried to speak, my knees would tremble and my voice would not come out. If my voice today is not clear because of my bad, sore throat, it is not because my knees are shaking. Therefore, economically, I have done well. I have learnt speaking in a very short time.

I value a great deal the affection, which I have received. Over the last three or four days, something like 40 persons individually from different sections of the House have told me how much they will miss me. I never expected such affection, and I value the affection a great deal. My childhood was not an excitingly happy one. Therefore, I lap up very hungrily whatever affection I receive. Individually people have reassured me of their affection.

I think I owe a great deal of gratitude to you, Mr. Chairman, Sir, the Deputy Chairman, the Vice-Chairmen on the Panel and others as well as my

many, many friends who are Members of the House. Of the several times that I spoke, I cannot remember any occasion of a single speech having been disturbed. 1 think, if they had not shown such patience and such kindness, maybe, I would not have been getting out of this House having learnt the art of speaking properly.

For this, 1 owe you all, ladies and gentlemen, a great deal of gratitude. I shall remember these 23 months. I will cherish them, in fact, and will remember them as a bunch of very sweet memories. I take leave of all of you, wishing you all very good luck, happiness and health in your future years. I do not know whether 1 will ever get an opportunity to come back to this House. If I do, I will wish you again. I think it is easier to come in than to go out.

I also salute the institutition of Rajya Sabha, and I am sure that it will remain a very sacred temple of our democracy.

With this, I take leave. Good-bye, everyone.

**श्री गांधी आजाद** (**उत्तर प्रदेश**) **:** सभापति महोदय, रिटायर हो रहे सदस्यों के प्रति, मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी बहुजन समाजवादी पार्टी" की तरफ से, सद्भावना प्रकट करता हूं और मैं आशा करता हूं कि कुछ सदस्य तो अभी पुनः सदन में आ जायेंगे और जो सदस्य नहीं आ पायेंगे, उनको मेरी शुभकामना हैं कि वे भले ही राज्य सभा की सदस्यता से रिटायर्ड हो रहे हैं, लेकिन वे कभी टायर्ड नहीं होंगे। वे भले ही सदन से विरत रहेंगे, किंतु समाज सेवा के माध्यम से देश सेवा में सदैव रत रहेंगे, यह मेरी हार्दिक मनोकामना है।

अंत में, मैं एक शेर से अपनी बात समाप्त करता हूं—

"गजब तेरी महफिल में देखा तमाशा, कहीं चांदनी हैं तो कहीं हैं अंधेरा,
किस्मत के बदले ये दीपक बने हैं, कोई जल रहा है तो कोई बुझ रहा हैं"।

धन्यवाद।

**श्री नरेश यादव** (**बिहार**) **:** सभापति महोदय, आप ने सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों के प्रति जो उद्‌गार प्रकट किए हैं, उस के लिए मैं अपने दल की ओर से आप के प्रति ह्दय से आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, आज मै अपना 1994-2000 का कार्यकाल पूर्ण कर रहा हूं। यह 2

अप्रैल को समाप्त हो जाएगा। सभापति जी, मैं वर्ष 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में, विधार्थी जीवन छोड़कर आया कि उस के बाद हमारे आदरणीय नेता ने हमें गावं से राज्य सभा में भेजा। हालांकि मैं राजनीति शास्त्र का विघार्थी था, लेकिन मुझे संसदीय जीवन का अनुभव नहीं था। यहां पहली बार मुझे संसदीय जीवन का अनुभव हुआ। मैं सब से पहले अपने आदरणीय नेता श्रद्वेय लालू जी का आभार प्रकट करता हूं जिन्होने मुझे गांव से यहां तक पहुंचाया।

महोदय, संसदीय जीवन में मैंने यहां बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं। मैंने बहुत मुस्तैदी से गांव और खेत की बात को यहां रखने का प्रयास किया हैं अगर उस प्रयास में मुझ से कोई गलती हो गयी हो तो चूंकि यह मेरा संसदीय जीवन का पहला अनुभव हैं, निश्चित रूप से मैं क्षमा प्रार्थी हूं। लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहता हूं कि मैं गांव की भावना को लेकर यहां आया था तब से मुझे दो बातों का बहुत ज्यादा अनुभव हुआ हैं- एक तो यह पता लगा कि देश की राजनीति में क्या हो रहा हैं। पक्ष आज संवदेना शून्य हो रहा हैं और विपक्ष में भी संवेदनशीलता की कमी निश्चित रूप से आ रही हैं। आज दोनों में कहीं-न-कहीं कम्प्रोमाइज करने की जरूरत है। पक्ष को संवेदनशील होना पड़ेगा क्योंकि हम यहां देश का सवाल को उठाने के लिए आए हैं, देश की मान-मर्यादा को कायम रखने के लिए आए हैं। सभी मेंबर इस बात को जानते है कि देश के सामने हम सदस्य कोई मायने नहीं रखते हैं। देश रहेगा, देश बचेगा तो हम सब बचेंगे। इसलिए हम सब का उद्देश्य देश की सुरक्षा, देश में शांति, देश की समृद्वि और देश का विकास हैं। इस मायने से मैं पक्ष और विपक्ष दोनों से कहना चाहूंगा कि जब सही मायने में लोकतंत्र बचेगा, देश की धर्मनिरपेक्षता की भावन बचेगी तभी हम आगे बढ़ सकेंगे।

महोदय, एक दो बातें और कहकर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। महोदय, आप के प्रति में पुनः आभार प्रकट करता हूं क्योंकि आप ने एक अभिभावक की तरह हमें प्यार दिया है। श्रीमती नजमा जी ने जिस तरह से सदन को चलाया, उस के प्रति अपने दल की ओर से आभार प्रकट करता हूं। कभी नोंक-झोंक भी हुई, लेकिन आप ने कभी वह एहसास नहीं होने दिया। आप ने सदन मे गुस्सा जरूर किया, लेकिन जब आप के कक्ष में गया तो आप ने हम पर प्यार बरपाया। आप ने एक सच्चे गार्जियन की तरह काम किया। बहन नजमा जी ने भी ऐसा ही किया। मैं सदन के विपक्ष के नेता डा. मनमोहन सिंह जी का भी आभारी हूं। मैं ने जब भी किसी आर्थिक सवाल या किसी अन्य विषय मं उन से पूछना चाहा तो उन्होने उदारता से बताया। जब मैं सदन में नया आया था, जब भी आदरणीय प्रणव दादा के पास, आदरणीय चतुर्वेदी जी के पास गया तो सभी ने मेरी मदद

की। उन की मदद से ही मैं अपनी बात को मुस्तैदी से रख सका। महोदय, मैं इस अवसर पर अपने दल की ओर से और हमारे दूसरे सेवानिवृत्त सदस्यो की ओर से कहना चाहता हूं कि जो राजनीतिक में विश्वास करता है, उस के लिए जब तक जिंदगी हैं तब तक सेवा हैं। हम राज्य सभा की सदस्यता के अवश्य निवृत्त हो रहे हैं, लेकिन हम किसान, खेत और खलिहान की सेवा करते रहेंगे, देश की सेवा तब तक करते रहेंगे जब तक कि हमारी जिंदगी हैं। महोदय, मैं यहां राष्ट्रपिता बापू को श्रद्वांजलि देते हुए उन की एक बात कहना चाहता हूं। उन्होने कहा था कि भारत की आत्मा गांवों में रहती है, उसी आत्मा की सेवा करने के लिए 2 अप्रैल से मैं जाऊंगा। हमारा गांव समृद्व होगा तो हमारा देश समृद्व होगा।

इन्ही सद्भावनाओं के साथ, इन्ही बातों के साथ आप सबके प्रति और सभापति जी खासकर आपके प्रति आभार प्रकट करते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि हम यहां है, पक्ष विपक्ष के नेता मानें या न मानें, लेकिन मेरे जैसे गरीब आदमी का यहां आना यह बताता हैं कि हमारे आदरणीय नेता श्री लालू जी को गरीबों के प्रति कितना प्रेम हैं।

अंत में उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए और महोदय, आपने जिस तरह से सम्मान दिया, सदन के सारे सदस्यों ने जिस तरह से सम्मान दिया, उसके लिए आप के प्रति व सदन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री गोविन्दराम मिरी (मध्य प्रदेश)** :आदरणीय सभापति महोदय, संत प्रवर, समाज सुधारक श्री घासीदास जी की जन्मभूमि और कर्मभूमि छत्तीसगढ़ से मैं आता हूं। वैसे सक्रिय राजनीति में मैं सन् 70 से हूं और यहां आने से पहले 1977 से 1980 तक आपातकाल के बाद जब छठी लोक सभा का गठन हुआ था, उसमें मुझे सदस्य के रूप में आने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस सदन में यह मेरा प्रथम अवसर हैं। हम पहले अपने जिले और प्रान्त सीमित रहते थे, लेकिन यहां आकर अनेक अनुभवी और धीरे-गंभीर व्यक्तियों के सान्निधय में रहकर ऐसी अनेक बातों का हमने अध्ययन किया, मनन किया और ऐसी अनेक बातें हमें सीखने को मिली, जो न केवल अपने जीवन में उपयोगी होंगी बल्कि समाज के लिए भी उपयोगी होंगी।

महोदय, यह प्रकृति का नियम हैं कि जो आया हैं, वह जाएगा। जितने भी यहां

लोग हैं, उनको कभी न कभी यहां से निवृत्तमान होना ही पड़ेगा। मैं अपने दल , भारतीय जनता पार्टी, के प्रान्तीय और केन्द्रीय अधिकारियों का अत्यंत आभारी हूं, जिन्होने मुझे इस मंजिल तक पहुंचाया और 6 साल तक यहां पर सदस्य बने रहने का अवसर दिया। मैं कहना चाहता हू कि यह जीवन का एक स्वर्णिम काल था। मैं पेशे से वकील हूं, मैं नहीं 1.00PM

जानता कि हमारा इस सदन में कितना योगदान रहा, लेकिन यहां रहकर, महोदय, आपका और सबका जो सान्निधय मिला, मार्गदर्शन मिला, उपसभापति महोदया का मार्गदर्शन मिला, पैनल में रहे अन्य उपसभाध्यक्षों का जो मार्गदर्शन मिला, वह निश्चित रूप से अतुलनीय है।

महोदय, मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी का अत्यंत आभारी हू जिनके चमत्कृत व्यक्तिव ने हमें कभी वहां बैठने का अवसर दिया, कभी यहां बैठने का अवसर दिया। उन्होने देश को एक नई दिशा देने का प्रयास किया हैं और लोगों को उनसे बहुत अपेक्षाएं हैं। 21वीं सदी में वे देश को एक अच्छे मार्ग पर लें जाएंगे, ऐसा मुझे विश्वास हैं इसके साथ ही साथ विभिन्न दलों के नेताओं-विपक्ष के नेता डा. मनमोहन सिंह जी, सदन के पूर्व नेता श्री सिकन्दर बख्त जी, हमारे सदन के वर्तमान नेता और विदेश मंत्री श्री जसवंत सिंह जी और अन्य अनेक नेताओं का भी मुझे भरपूर सहयोग और समर्थन मिला और मैं इन सबके प्रति आभार प्रकट करता हूं। इसके साथ ही जो राज्य सभा सचिवालय है, इसके महासचिव, श्री त्रिपाठी जी और उनके अन्य जितने भी सहयोगी हैं. रिपोर्टर्स हैं, जिन्होने कभी भी मुझे कोई शिकायत का मौका नहीं दिया, इन सबके प्रति भी मैं आभार प्रकट करता हूं। यहां जितने भी सम्मानित सदस्य और सदस्याएं हैं, उनका मैं अत्यंत ऋणी हूं और कहना चाहता हूं कि यदि जाने-अनजाने में मुझसे कोई भूल हो गई हो तो उसे क्षमा कीजिएगा। आपको हमारी कमी खले या न खले लेकिन हमें आप सबकी कमी अवश्य खलेगी।

सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। आज सदन मे हमारा अंतिम दिन हैं। अब अगले सत्र में हम आएंगे तो आपको दरवाजे से बाहर आकर हमसे बात करनी पड़ेगी। यह इस सदन का नियमित क्रम हैं। इसमें कोई नयी बात नहीं हैं। मैं पुनः आपके प्रति आभार प्रकट करता हुए इतना ही कहना चाहता हूं कि यह उच्च सदन अपनी गरिमा और अपने गौरव को बनाए रखे क्योंकि यह कहा गया हैं कि—

"अधजल गगरी छलकत जाए, भरी गगरिया चुपके जाए"।

महोदय, यहां इतने धीर , गंभीर लोग हैं और इनके चरणों में बैठकर मुझे जीवन के बहुआयामी पहलुओं को समझने का मौका मिला है। मैं उन सबके प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हू। भारतमाता की जय। वंदे मातरम।

MR. CHAIRMAN: Hon'ble Members, it is already one o' clock. All of us have agreecf that we will continue with this. There are three, four Members who want to speak. The Leader of the House wants to speak, and after that, as has already been informed, the Prime Minister will make a statement on his recent visit to Mauritius. So, we will continue.

**श्री जगन्नाथ मिश्र (बिहार) :** माननीय सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका अत्यंत आभारी हूं। महोदय, अपने संसदीय जीवन के 32 वर्ष पूरे करने पर मैं आज इस सदन से निवृत हो रहा हूं।महोदय, 1968 मे बिहार विधान परिषद का सदस्य चुने जाने के बाद, मैं 5 बार विधानसभा का सदस्य रहा, 3 बार बिहार का मुख्यमंत्री चुना गया और 2 बार नेता विपक्ष रहते हुए मैं इस सदन में पहुंचा। महोदय, एक बार मैं 1988-90 तक राज्यसभा का सदस्य रहा और दूसरी बार 1994-96 तक सदस्य रहा। 10994 और 1996 के बीच केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में मैं कृषि मंत्रालय में ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में भारत की जनता की सेवा कर चुका हूं।

सभापति महोदय, इस विदाई के अवसर पर आपने जो उद्‌गार प्रकट किए है और सभी दलों के नेताओं ने जो उद्‌गार प्रकट किए हैं, उनसे हम इस बात के लिए कृतसंकल्प होते हैं कि जो आपकी अपेक्षाएं रही हैं, देश की जनता की जो अपेक्षाएं रही हैं इस सदन में, उसके अनुरूप हम आचरण कर पाएं और करते रहें। महोदय, देश की स्वाधीनता की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस सदन ने एक संकल्प स्वीकृत किया था। उस संकल्प पर हम सबके हस्ताक्षर हैं। ठीक उसी तरह जिस तरह भारत के संविधान निर्माताओं ने अपने हस्ताक्षरों से इस देश को संविधान सुपुर्द किया था। उस संविधान के अंतर्गत इस देश को हम संचालित कर रहे हैं पिछले 50 वर्षो के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए आपने यह संकल्प इस सदन से पारित कराया था। इससे भारत की जनता को एक अपेक्षा हुई कि संसदीय जीवन को हम ऊंची परंपराओं के साथ आगे ले जा सकेंगे और उनके अनुरूप हमारा आचरण हो सकेगा। अब महसूस होता हैं कि उस घोषणा के बाद भी इन दोनों सदनों की कार्यवाहियों में हम वह वांछित प्रभाव नहीं डाल पाए है।

देश में लोकतंत्र के प्रति एक अनास्था का माहौल हमारे आचरण के कारण

बनता जा रहा है। मैं स्वयं विश्व-विद्यालय मे अध्यापन कार्य करके आया। विश्व-विद्यालय से मैं प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त हुआ। फिर हमारा संसदीय जीवन रहा और लगातार विद्वत-जनों के बीच में, समाज में जाने का मौका मिला। इन दोनों सदनों के हमारे आचरण के बारे में जो आम जनता की टिप्पणियां होती हैं उससे हम अपने को मर्माहत महसूस करते हैं कि संविधान निर्माताओं ने इन दोनों सदनो के ऊपर तथा विधान सभा के ऊपर जो जिम्मेदारी सौपी थी तथा सदस्यों से जो अपेक्षाएं की थी क्या हम उसके अनुरूप कार्य कर पा रहे हैं? संविधान की प्रस्तावना में हमने ऊंची बातें कह रखी हैं, मूल अधिकारों के अन्तर्गत देश की जनता को हमने आश्वस्त कर रखा हैं और जिन निर्देशक सिद्वातों के अन्तर्गत, जिस भारत की परिकल्पना संविधान निर्माताओं ने की थी क्या हम उनकी ओर जा पा रहे हैं, पहुंच रहे हैं? समानता की जो अपेक्षाएं थी क्या वह कर पाए हैं? आजादी के बाद हमारी संस्थाओं से जो लोकतंत्रिय ढांचे की व्यवस्था की अपेक्षा थी क्या उसे हम दे पा रहे हैं? आज हमारे सदन का समय गैर संसदीय कार्यो में व्यय होता हैं जिससे सार्वजानिक धन का व्यय होता हैं। क्या हम उसके अनुरूप संसदीय हितों का निर्वहन कर पा रहे हैं? कुछ ऐसे सवाल जन-मानस को उद्वेलित कर रहे हैं। हमें लगता है कि लोकतंत्रीय ढांचे को खतरनाक दौर से हम पहुंचने दे रहे हैं। आज जो आंतकवाद की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, मैं स्वयं बिहार से आता हूं बिहार या देश के दूसरे हिस्सों में आतंकवाद की उग्रवाद की जो घटनाएं घटित हो रही हैं वह क्या संकेत देती हैं? वह संकेत देती हैं कि लोकतंत्र से जो अपेक्षाएं उन्होने हमसे की है उसे हम दे नहीं पा रहे हैं। सामाजिक न्याय की परिकल्पना संविधान निर्माताओं ने की थी, उसे हम दे नही पा रहे हैं। लोगों को प्रशासन से जो अपेक्षाएं हैं वह हम नहीं दे पा रहे हैं। अंततोगत्वा क्या होगा? देश में संसदीय प्रणाली का संरक्षण हम कैसे कर सकेंगे, लोगों के अनुरूप हम अपने आपको कैसे बना पाएंगे? एक ऐसा प्रश्न हमारे मन में आता हैं। मैंने उचित समझा कि प्रधान मंत्री के समक्ष अपनी भावनाओं को व्यक्त कर दूं। हम सदन में नहीं होंगे, लेकिन सामजिक जीवन में होंगे, शैक्षणिक जीवन में होंगे। सामाजिक, आर्थिक लोगों की आज बड़ी उम्मीदें, अपेक्षाएं प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से हैं। पिछले चुनावों के दौरान हमने अनुभव किया था कि चाहे वह 1998 के लोक सभा चुनाव हों, चाहें 1999 के लोक सभा चुनाव हों अटल बिहारी वाजपेयी जी का व्यक्तित्व देश में निखरा हैं। इससे लोगो को उम्मीदें बढ़ी हैं। क्या फिर हम देश की गौरवमयी परम्पराओं को संसदीय प्रणाली के भीतर स्थापित कर सकेंगे और संविधान निर्माताओं ने हम पर जो जिम्मेदारी सौंपी थी उसका निर्वहन कर सकेंगे। इसलिए आज यह एक चिन्तन का विषय हैं।

ऐसे व्यक्त्वि हैं जिनसे इन सारी संस्थाओं का संरक्षण हो सकता हैं और देश के लोगों की आस्थाएं पुनः लोकतंत्र में हम वापिस ला सकते हैं। इसलिए यह मुद्दा आत्म-चिंतन का है और राज्य सभा को और लोक सभा को इन बातों की गहराई में जाना चाहिए कि हम अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक, निष्ठापूर्वक जो हम शपथ ग्रहण के समय प्रतिज्ञा लेते हैं उसके अनुरूप क्या हम काम कर रहे है? संविधान में हमने जो-जो वायदे कर रखे हैं इतने सब वर्षो में वह सब वायदे बिखरते रहे है, अलग होते रहे हैं। हम अलग-अलग होते जा रहे हैं जिसके कारण अंसतोष की भावनाएं फैलती जा रही हैं। प्रश्नोत्तरकाल में देश के विभिन्न भागों से आए माननीय संसद सदस्य प्रश्न पूछते हैं और जनता की भावनाओं की अभिव्यक्ति करते हैं। मुझे लगता हैं कि हमारी प्रणाली के प्रति, हमारी नौकरशाही के प्रति और लोकतांत्रिक पद्वति के प्रति एक अनास्था की भावना फैलती जा रही हैं। बड़ी मुश्किल से पंचायत व्यवस्था स्थापित की गई हैं। संविधान के अनुच्छेद 40 मे हमने यह संकल्प लिया था कि स्थानीय स्वशासन देश में स्थापित करेंगे और 73वें , 74वें संविधान संशोधन ने इस संस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया लेकिन वह अभी तक नहीं हो पाया हैं। जनता को सत्ता सौपने का संकल्प है लेकिन जनता को हम सत्ता दे नहीं पा रहे हैं। हम नौकरशाही की प्रवृत्ति को बदल नहीं पा रहे हैं। हम नौकरशाही की प्रवृत्ति को बदल नहीं पा रहे हैं और लोकतांत्रिक संस्था जो राज्य सभा, लोक सभा विभिन्न राज्यों की विधान सभायें और विधान परिषद हैं, ये संस्थाएं कारगर नहीं हो पा रही हैं। केन्द्रीय सरकार की शाक्तियां जनता के हाथों में पंचायती व्यवस्था के माध्यम से सौंपी जाए जो कि गरीबी उन्मूलन से संबंधित प्रश्नों को हल कर सकें। प्रधान मंत्री जी ने स्वयं उन कार्यक्रमों को एक नया स्वरूप देने का प्रयत्न किया है। इसको गहराई से देखने पर पता चलता हैं कि देश का करोड़ो रूपया जो ग्रामीण विकास के लिए जाता हैं वह आम जनता तक पहुंच नही पाता हैं। यह उन तक क्यों नहीं पहुंच पाता हैं यह प्रश्न विचारणीय हैं। इसके बारे मे भारत सरकार के ग्रामीण सचिव ने एक पत्र बिहार राज्य का भ्रमण करने के बाद लिखा था जिसका जिक्र मैं यहां करना चाहूंगा। उन्होने अपने पत्र में लिखा कि जो ग्रामीण विकास के लिए पैसा जाता हैं उस पैसे का उपयोग नहीं होता हैं। उन्होने भारत सरकार को एक अच्छा सुझाव दिया कि हम जितना पैसा केन्द्र से ग्रामीण विकास के लिए वहां देते है, अगर वह पैसा हमने मनीआर्डर से लोगों तक भेजा होता तो ज्यादा उपयोगी होता। यहां से जो पैसा गरीब लोगों के लिए भेजा जाता हैं वह उनको मिलता नहीं है। इतनी सख्त टिप्पणी भारत सरकार के सचिव ने ग्रामीण विकास के संबंध में की थी। अगर ऐसे ही हालात देश के दूसरे राज्यों के हैं तो यह विचरणीय प्रश्न हैं। हमारे वित्त मंत्री जी को हर बार घाटे का बजट प्रस्तुत करना पड़ता है। वे बड़ी-बड़ी

घोषणाओं के बावजूद भी घाटे का बजट प्रस्तुत करते हैं। वह बजट घाटा कम करना चाहते हैं लेकिन घाटा कम नहीं हो पाता हैं। हमारे तमाम पैसे का अपव्यय हो रहा है, दुरूपयोग हो रहा हैं और काई प्रणाली हमारी सफल नही हो पा रही हैं। ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों से या गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रमों से हमें काफी अपेक्षाएं हैं, हम जब तक गरीबों की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करेंगे तब तक हमारा लोकतंत्र सफल नही होगा। हमें गांधी जी के ये शब्द बार-बार याद आते रहेंगे, देश के सबसे निरीह, गरीब की और देखों। अगर हम सबसे निरीह, गरीब को देखते हैं तो हमें निराशा होती हैं। हमें अपनी आस्था अपनी प्रणाली के प्रति हिलती दीखती हैं। आज उसी पृष्ठभूमि में प्रधान मंत्री जी को अपनी सोच में परिवर्तन करना पड़ेगा और अपने अधीनस्थ मंत्रालयों के कार्यक्रमों में और सभी राज्य सरकारों के कार्यक्रमों में अपेक्षित परिवर्तन, संशोधन लाने पर विचार करना पड़ेगा और इस सदन को भी पूर्ण रूप से विचार करना पड़ेगा कि क्या हम सही रूप में जनता के आईना हैं, जनता की भावनाओं का हम प्रतिनिधित्व करते हैं और हम अपना पूरा समय जनता के कार्यक्रमों में लगाते हैं। हम एक कंठ की आवाज से, सारी शक्ति से अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। संसदीय प्रणाली में अभिव्यक्ति की, विचार रखने की स्वतंत्रता हैं। किसी मुद्दे पर हमारी नाराजगी हो सकती हैं, मतभेद हो सकते हैं लेकिन उसको भी बहस के माध्यम से ही दूर किया जा सकता हैं। पहले जिस तरह से शारीरिक बल दिखाया जाता था, उसी तरह से आजकल लंग्स पावर दिखाई जाती हैं, सदन की कार्रवाई को बाधित किया जाता हैं। यह इस देश के लोगों के मन में एक अनास्था प्रकट कराता हैं कि यह क्या संस्था हैं? हम विद्यार्थियों से अनुशासन की अपेक्षा करते हैं। विश्वविद्यालय जीवन में एक उच्च कोटि के शिक्षण की अपेक्षा करते हैं और जब देश के एक सौ करोड़ लोगों के प्रतिनिधि के रूप में यहां आते हैं तो यहां पर हमारा आचरण क्या होता हैं? आज के समय में हमारा एक-एक आचरण जनता के बीच मे जाता हैं।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से इस गरिमामय सदन से मैं विनम्र निवेदन करना चाहूंगा कि मैं 6 साल तक इस सदन का सदस्य रहा हूं, इससे पहले भी मैं 1988 में 1990 तक इस सदन का सदस्य रह चुका हूं। इस बीच में मुझे काफी अनुभव हुआ हैं। मुझे लगता हैं कि एक बड़ी खाई जनता की भावनाओं में और इस सदन की कार्यवाही में बनती जा रही हैं। अगर यह खाई बढ़ती गई तो यह देश लोकतंत्र को बचा नहीं पायेगा। कितनी भी हमारी कोशिश होगी, पर आम जनता की आस्था हिल जाएगी, कुंठित हो जाएगी, उनका विश्वास खत्म हो जाएगा। उस प्रणाली को आप नहीं चला पाएंगे। इसलिए दुनिया के देशों की हालत जो लोकतंत्र के लिए बन गयी हैं,हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की जो हालत बनती जा रही हैं , अगर जनता के बीच हमने प्रणालियों के प्रति आस्था नहीं

बनाए रखी तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भी लोकतंत्र के रास्ते से हट जाए, यह संसदीय प्रणली देश से हट जाए। एक बात और कहना चाहूंगा। प्रधान मंत्री ने संविधान पर पुनर्विचार करने के लिए आयोग गठित किया हैं, उसका मैं स्वागत करता हूं क्योंकि कोई जीवन सच अपने को तभी जिंदा रख सकता हैं जब समय के साथ उसका समावेश होता है। ठीक है, हमारे संविधान निर्माता स्वतंत्रता सेनानी थे, उन्होने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी थी, उनकी एक अलग सोच थी। उस समय की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जो तमाम प्रस्ताव थे, इसमें से जो अनुकूल प्रस्ताव थे, उस आधार पर हमारा संविधान बना था लेकिन हमारे अनुभव को पचास वर्ष हो गये हैं और इस अनुभव से हमें सीखना चाहिए कि जिसके लिए हमने संविधान बनाया था, जिन बिन्दुओं की चर्चा हमने संविधान की प्रस्तावना में की थी, जिन मूल आधिकारों की बातें हमने कही हैं, जिस राजनैतिक सिंद्वात की परिकल्पना हमने की हैं, उसमें हम कहां तक आगे बढ़ पाए है? अगर व्यवधान हैं तो कहां व्यवधान हैं? उस व्यवधान को हम दूर नहीं कर पाएंगे तो आगे आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। पचास साल का अनुभव कोई कम अनुभव नहीं होता हैं। पचास साल हो चुके हैं इसलिए हमें अपनी कमियों को रेखांकित करना चाहिए, आइडैटीफाई करना चाहिए। यह विवाद का विषय नहीं हैं, यह राजनैतिक मुद्दा नहीं हैं। हम समाचार पत्रों में विभिन्न पार्टियों की प्रतिक्रिया देखते हैं। हमारे देश के बुद्विजीवियों को अफसोस होता हैं कि आखिर हम सोचने को तैयार क्यों नहीं हैं, हम पीछे झांकने को तैयार क्यो नहीं हैं, जो हमारे अनुभव हैं, उनसे हम सीखना क्यों नहीं चाहते हैं। यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं हैं, जिसका राजनैतिक विरोध हो। इसलिए माननीय प्रधान मंत्री जी की सोच की हम सराहना करते हैं कि उन्होने इस बारे में सोचा।

पचास सान के हमारे जो अनुभव हैं, उसके संबंध में उन्होने कमेटी का गठन करके एक लब्ध-प्रतिष्ठित व्यक्ति को उसका अध्यक्ष बनाया- जिनकी कोई राजनीति नहीं हैं, जो निष्पक्ष भाव से देश की प्रणाली के बारे में सोच सकता हैं, निष्पक्ष भाव से संविधान के प्रावधानों का विश्लेषण कर सकता हैं, निष्पक्ष भाव से केन्द्र और राज्यों के संबंधपों के विवादों को देख सकता हैं और फिर सोच सकता हैं कि आज की बदलती हुई परिस्थिति में केन्द्र और राज्यों के संबंध कैसे बन सकते हैं। संविधान-वेत्ताओं ने नहीं सोचा था कि आने वाले समय में ऐसी प्रणाली बनेगी जिसमें केन्द्र सरकार एक तरह की होगी राज्य सरकारें भिन्न तरह की होगी, इलमें कैसे समन्वय होगा, कैसे समावेश होगा, कैसे राज्यों के अधिकार सुरक्षित होंगे और कैसे केन्द्र देश की एकता और अखंडता को बनाए रख सकता है? इस देश में मजबूत राज्य भी चाहिए और देश की एकता को बनाए रखने के लिए मजबूत केन्द्र सरकार भी चाहिए। देश में राजनीतिक भावनाएं बदलती जा रही हैं, क्षेत्रीय पार्टियां पनपती

जा रही हैं। हमें सोचना चाहिए कि क्षेत्रीय पार्टिया क्यों बन रही हैं? आज जनता क्षेत्रीय पार्टिया को क्यों पंसद कर रही हैं? वह इसलिए कि राष्ट्रीय पार्टिया विभिन्न राज्यों में अपने को निरर्थक करती जा रही हैं, जनता की भावनाओं के साथ उसका समन्वय स्थापित नहीं हो पा रहा हैं या जो जनता की अपेक्षाएं हैं, उन अपेक्षाओं को राष्ट्रीय पार्टिया पूरा नहीं कर पा रही हैं। यह बात सही हैं कि क्षेत्रवाद के बढ़ावे से देश की एकता को खतरा हो सकता हैं लेकिन जनता के पास विकल्प तो होना चाहिए। राष्ट्रीय पार्टियों की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि जनता की उम्मीदों के अनुसार, उनकी आशाओं के अनुसार वह आचरण कर सकें, काम कर सकें। इस समय एक खतरनाक दौर में भारत की राजनीतिक हैं, इससे कोई इन्कार नही कर सकता है। इस दौर से देश को निकालने की जिम्मेदारी आज हमारे माननीय वाजपेयी जी के कंधों पर दी गयी हैं—देश की जनता ने सौंपी हैं और इसी उम्मीद से सौंपी है। मैं कहना चाहता हूं कि आप एक सामान्य शासन के प्रधान मंत्री नहीं हैं, असाधरण परिस्थिति के प्रधान मंत्री है। जब देश के चारों तरफ से संकटों से घिरा हुआ है, किसी एक पार्टी को देश की जनता बहुमत नहीं देना चाहती हैं क्योंकि देश में आम सहमति हो गयी हैं कि एक पार्टी के हाथ मे पूरे देश की बागडोर देकर बहुत देख लिया इसलिए भिन्न-भिन्न पार्टियों के समावेश से, मेलजोल से देश चलाया जाए। बार-बार प्रधान मंत्री जी आम सहमति की बात कहते हैं। यह देश आम सहमति से चलेगा, टकराव से नहीं चलेगा। टकराव की बड़ी कीमत समय समय पर देश को चुकानी पड़ी हैं। सभापति महोदय, आप स्वयं स्वतंत्रता सैनानी रह चुके हैं। आपकी अपनी सोच हैं, चिंतन हैं। कभी-कभी हमने आपसे कहा भी हैं—आपकी अध्यक्षता में एक उच्च आदर्श की अपेक्षा राज्य सभा के लोगों की हैं। जो हमारी गिरावट आयी है, उस गिरावट को रोकने में आपकी अहम् भूमिका रही है। आपके आगे के कार्यकाल में भी हम आपसे उम्मीद करते हैं कि आप राज्य सभा की गरिमा को उठाए रखेंगे और राज्य सभा को वही स्थान दिला पाएंगे जो राज्य सभा से अपेक्षा विधान सभा ने की थी। विधान सभा और लोक सभा की पुनरावृत्ति इस सदन में हो, तभी सदन की गरिमा रह सकती हैं। फिर इस हाऊस मे सभी दलों के चुने हए लोग क्यों आते हैं? अगर लोक सभा को उसी रूप में यहां दोहराना होता तो फिर इस सदन की उपयोगिता नहीं रहती । इसलिए राज्य सभा के कार्यो के लिए नई सोच की जरूरत है। आपने जो कमेटी बनाई हैं चाहे ऐथिक्स कमेटी हो या कोई और हो स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ पर हमने जो उद्घोषणा की हैं, अगर हम उसका पालन नहीं करेंगे तो फिर हम देश को संभाल नहीं सकेंगे।इसलिए राज्य सभा ने स्वतंत्रता की पचासवीं वर्षगांठ पर जो संकल्प लिया हैं, हम उसी पर अडिग रहे, उसी पर चलें और उससे आगे-पीछे न हों। हमें अपेक्षा हैं कि आपकी अध्यक्षता में इन कार्यो को पूरा किया

जा सकेगा। सभी माननीय सदस्य आपके साथ सहयोग करते हैं और भविष्य में भी करते रहेंगे।

महोदय, मैं फिर से आपके प्रति अपना आभार प्रकट करता हूं और अपना आदर समर्पित करता हुए कहना चाहता हूं कि आपकी अध्यक्षता में सदन की गरिमा बढ़ी हैं और स्वस्थ परंपराएं स्थापित हो रही हैं और होती रहेंगी। लेकिन हमारा आचरण जनता की भावनाओं के अनुरूप होना चाहिए। इस संबंध में आपको थोड़ा और कठोर होना पड़ेगा। आप कठोर हैं और आपको और अधिक कठोर होकर सदस्यों को अनुशासित करना पड़ेगा और उनको बताना पड़ेगा कि वे भारत की जनता के प्रतिनिधि हैं और सदन का समय बहुत कीमती हैं। सदन की कार्यवाही आठ-दस दिनो तक न हो, ऐसा किस कीमत पर हो सकता हैं? क्या भारत की गरीब जनता की कीमत पर ऐसा होगा? चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो, आज एक पार्टी हैं तो कल दूसरी आएगी लेकिन पक्ष-विपक्ष दोनों का ऐसा आचरण जनता की नजरों में निन्दनीय होता हैं। हम और आप चाहे जो भी सोचते हो लेकिन जनता जब टी.वी. पर यह सब देखती हैं तो इसके बारे में सोचती हैं, निन्दा करती है और भर्त्सरना करती हैं। इसलिए हमें जनता को निराश नहीं करना चाहिए। यदि हम उसे निराश करेंगे तो हम लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकेंगे जिसके लिए लाखों लोगों ने कुर्बानी दी थी, जिसके पीछे उनका महान त्याग और बलिदान हैं। हमने जो संसदीय प्रणाली स्वीकार की हैं, यह दुनिया की श्रेष्ठतम प्रणाली हैं, विलक्षण प्रणाली हैं। यह स्वविवेक को प्रणाली हैं, सोच की प्रणाली हैं,वाद-विवाद की प्रणाली हैं। यह सार्वजानिक संघर्ष की प्रणाली नहीं हैं, इसके लिए विलक्षणता से हमें लोगों को जागरूक कराना पड़ेगा। तभी हम लोकतंत्र को बचा सकेंगे और संसदीय परंपरा को ऊंचा ले सकेंगे। इन शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया। 32 वर्षीय संसदीय जीवन के निवृत्ति के बाद भी हमारी सेवा भारतीय जनता को और बिहार की जनता को उसी के रूप में उपलब्ध रहेगी जिस रूप में पिछले 32 वर्षो से विभिन्न पदों पर रहकर हमने की हैं। इस सदन के प्रति भी हमारा आदर भाव निरंतर रहेगा क्योंकि इस सदन के माध्यम से मंत्री के रूप में भी और सदस्य के रूप में भी हमने देश की सेवा की हैं। सभापति महोदय, मैं पुनः आपको और इस सदन को अपना आदर भाव निवेदित करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Mr. Gurudas Das Gupta.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Thank you, Sir. I do not know if I should draw upon the patience of the House since it has been in session for

nearly one-and-a-half hour to bid farewell to the retiring Members.. Anyway, I rise, today, really to bid my farewell to the great institution of Rajya Sabha and to express my deep gratitude to the Members, to the Ministers, to the Prime Minister, to the Leader of the House, to the Leader of the Opposition, for the undue indulgence that I might have received during my fifteen years' tenure in this House. Sir, anything which has a beginning is bound to have an end. That is why we are retiring on 2nd April, 2000. There has always been a practice of having a personal note on such occasion. I had travelled a long way in my life to reach this sacred place of Indian democracy, or, if I call it, the temple of democracy, or if I am allowed to call it, the temple of learning. I joined the Communist Party at the age of 16. I had been in the militant students' movement in the 50s and 60s. I was a youth cadre. I am in the trade union. I worked and I am still working with the rural poor. I must admit very frankly- and I don't feel that my Comrades will accuse me of Parliamentary deviations if I say so - that my experience during all these vicissitudes of situation has been the most exciting in this august House of Rajya Sabha. It has always been rewarding. Parliamentary deliberations, Parliamentary discussions, opinions and counter opinions, in my opinion, reflect the basic contradiction within the society which, in our terminology, is called a class contradiction. May I very honestly and frankly say that this is an august House of Parliament? We have among us social activists. We have among us lawyers. We have among us industrialists and businessmen. We have among us political workers. But even today we do not have among us a single man or woman who is by profession a worker or who is by profession an agricultural worker in the country. This is, perhaps, unfortunately a serious limitation of Parliamentary democracy which the political parties should and must take into consideration. Parliament is really a place of learning. I have learnt to know my country more intimately after I joined Parliament in 1985. I have learnt to speak in the way I should. I have learnt to articulate. I have learnt to present my views during all these years of Parliamentary deliberations. I thank all those who had interrupted me because their interruptions only inspired me to become a little more stronger and articulate in my understanding. Sir, what I have said is not an undue adulation of the system. This is a cardinal and most honest admission of the truth. While leaving Parliament I seek to pay my deep respect to my teacher, the Rajya Sabha, a national institution of Parliamentary democracy. I pay my respect to you, Sir, as the custodian of the wisdom of this House. We have no

option but to strengthen the Parliamentary system. Whatever might be in the mind of those who would like to seek the revision of the Constitution or who would like to see that the present Constitution is totally changed or abrogated -- I do not know what is in their mind- we have no option but to strengthen the Parliamentary system. We need a better Parliament. We need a good Parliament. We need effective Parliamentarians. We enjoy certain privileges and perquisites as Members of Parliament. We have to discharge our responsibility to the extent we are obligated to the system. If non-performing assets have been increasing enormously in the country and causing a great threat to the economy, Sir, non-performance in Parliament is also a grave danger to the Parliamentary system. The Indian political system, I must admit while leaving the House, has failed miserably even after 50 years of its existence. It has failed to ensure minimum human rights to a vast multitude of the people. The basic human problems have not been tackled by the politicians who had been in the corridors of power over the decades. Sir, the responsibility does not lie with one single Government. There is, I believe, an increasing impatience among the masses. The country is really at cross-roads. Violation of promise by those who came to power in successive Governments, wide gap between promise and performance, is a distinct feature of the disturbing political, economic and social conditions of the country. Sir, as a Communist, I feel, Parliament has become an instrument for bringing about a social change, reflecting the mood and aspirations of the masses. If Parliament fails the way it had been, if Parliament does not pick up to rise to the occasion to meet the minimum requirements of national life, that will be a disaster; that will be a doomsday for Indian democracy. I believe that the masses of India will be on a move more energetically than they had been doing to put the political system on proper rails. I should say, Sir, 'Long live Indian Parliament'; 'Long live Indian democracy'. I should say, while leaving Parliament, we remain in the mainstream of the political movement, allowing it to all to fight for a better India, to fight for a better life, to fight for a new future of the country. Keeping that in view, Sir, we are in the same boat - whether that side or this side, we are in the same boat --maybe, the boat is being violently tossed in the turbulent sea of the Indian polity. But, we are in the same boat. We share the common responsibility of giving an expression to these traditions of the people of the country - therein only, the functioning of Parliament will have its fulfilment; therein only, people will believe Parliament has been an effective system to bring about

changes in the desired direction. Once again thank you, Sir. Once again I thank my friends, colleagues and comrades. Once again I thank the leaders of different political parties. Once again I thank the Leader of the Opposition, the Leader of the House and my respected Prime Minister. Once again I thank the Secretary-General. Once again I thank all the Members of the staff who had been so ungrudgingly helping us in the discharge of our duties.

**श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश)** : सभापति महोदय, आपने आज रिटायरिंग संसद सदस्यो की विदाई स्पीचज में बोलने का मौका दिया इसके लिए आपकी आभारी हूं। मैं 1986 में सदन में लाई गई और आज साढ़े तेरह साल पूरे करने के बाद हम दो अप्रैल को रिटायर हो जाएंगे। नितात घरेलू पारिवारिक जीवन से मुझे उठाकर मेरी पार्टी और मेरे नेता श्री राजीव गांधी ने एक सर्वोच्च सदन राज्य सभा या कहिए राष्ट्र की सर्वोच्च पंचायत में बिठाया, यह मेरे लिए बहुत गरिमा का अवसर था। मुझे यहां संसद में जो साढें तेरह वर्ष मिले उसमें बहुत-कुछ सीखने को मिला। चाहे मेरी पार्टी, कांग्रेस पार्टी के नेता हो, विपक्ष के नेता हों, पक्ष के नेता हों, माननीय संसद सदस्य हों, अध्यक्ष हों, उपाध्यक्ष हों, हमारे सेक्रेटरी-जनरल हैं उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। सहयोग मिला पक्ष और विपक्ष दोंनों से। मैं उन सब के प्रति बहुत आभारी हूं उन्होने जो सहयोग, जो उत्साह दिया आगे बढ़ने का, बोलने का। मुझे में तो बिलकुल हिम्मत नहीं थी बोलने और सदन में खड़े होने की। लेकिन उस उत्साह, उस सहयोग की मैं आभारी हूं जिसके द्वारा मैंने आम जनता की, देश की महिलाओं की, बच्चों की और समाज के अन्य लोगों की अपेक्षाओं के अनुसार बहुत से मुद्दे यहां उठाने की कोशिश की। मेरी शिक्षा-दीक्षा पर भरोसा रख कर मैंने होम वर्क कर के जो भी मुद्दा सदन में उठाया, मेरी हमेशा यह कोशिश रही कि मैं अपने पूरे आत्मविश्वास के साथ, पूरी तैयारी के साथ आऊं और उसमें मुझे हर तरह सहयोग मिला। इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। मैं एक मुख्य बात कहना चाहूंगी विशेषकर महिलाओं की क्योकि पूरे देश की महिलाएं सदन की तरफ देखती हैं, पार्लियामेंट की तरफ देखती हैं जहां महिलाओं से संबंधित नीतियां बनती हैं। मैं सिर्फ यह कहना चाहती हूं कि उनको अवसर की कमी हैं। हर जगह उनको अवसर की कमी रहती हैं। मुझे भी अवसर की कमी का सदन में आने के बाद पता लगा। मुझे मेरी पार्टी और मेरे नेता के अवसर दिया, सदन ने भी मुझे बोलने का अवसर दिया जिससे मुझे बहुत कुछ सीखा। एक छोटा से घटनाक्रम के विषय में बहुत संक्षेप में आपको बताना चाहती हूं जिससे मेरे जीवन की दिशा या कार्य की दिशा मिली। आप सब को याद हैं दिवराला में सती की घटना हुई थी। एक 19 वर्ष की बालिका, एक विधवा का जिन्दा

जला दिया गया था। उस समय वह बहुत ही संवदेनात्मक विषय था और दो दिन तक बराबर सदन में बहस होती रही। मुझे भी बोलना था लेकिन समझ नहीं आ रहा था कि क्या बोलूं। लेकिन तीसरे दिन मैं पूरी तैयारी के साथ आई। कुछ ऐसा विचार करते-कराते बड़ी मुश्किल से बोलने का अवसर मिला पहले मुझे कहा गया आप बोलिये लेकिन मैं नहीं बोल पाई। मैं भी एक विधवा के रूप में यहां लाई गई थी। श्री श्रीकान्त वर्मा जी की विधवा लेकिन उस अवसर को जो मुझे तीसरे दिन मिला तो मैंने जो मुद्दा रखा उससे मेरी दिशा बदली , मुझे मेरे जीवन के एक स्पष्ट दृष्टि मिली। जो बहस में मैने बोला में मैंने बिल के रूप में प्रस्तुत किया और सदन में उस पर चर्चा भी हुई। मैं पूरे सदन के प्रति, पक्ष और विपक्ष, सब के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। मुझे एक अच्छा लम्बा समय मिला। अब आगे जब हम जनता की पंचायत में जाएंगे, वहां पर जो कुछ हमने सीखा हैं लोगों की आंकाक्षाओं के अनुसार हम समाज में काम कर पाएं, इस आशा के साथ मैं सभापति महोदय, उपसभापति महोदया और सब माननीय सदस्यो के प्रति आभार व्यक्त करती हूं। धन्यवाद।

**सदन के नेता** (**श्री जसवंत सिंह**) : माननीय सभापति जी, आज एक ऐसा अवसर हैं, ऐसी परिस्थिति हैं, जिसमें आज हमारे सदन के 58सदस्य इस सदन को छोड़ कर जा रहे हैं। इस अवसर पर हमने उनकी बात सुनी हैं और कुछ अपने भाव रखने का भी यह अवसर है। सभापति महोदय, राज्य सभा, काऊंसिल आफ स्टेट्स एक अनूठी सभा हैं। इसमें निरंतरता भी हैं और परिवर्तन भी हैं। परिवर्तन का पानी बहता रहता हैं और उसके बहते रहने के कारण उसमें जड़ता नहीं आती हैं, यही इसकी शक्ति है। बाहर के समाज का चिंतन और चिंता, राजनैतिक परिवर्तन और इस परिवर्तन का प्रतिबिम्ब, हमको हर दूसरे साल मिलता हैं। यह इस संस्था की विशेषता हैं और उसी के अनुरूप आज हमारे एक तिहाई मित्र जा रहे हैं।

एक दूसरा इस संस्था का, वैसे लोक सभा का भी हैं, आलापन हैं। यह एक ऐसी संस्था हैं सभापतिजी, जो हम सबको देती हैं। हम यहां आकर बड़े होते हैं। निश्चित रूप से हमारे विचार जो हम सामूहिक रूप से व्यक्त करते हैं उससे संस्था को भी कुछ मिलता हैं। आजकल हम दे पा रहे हैं या संस्था से ही ले रहे हैं यह अपने आप में विचारणीय हैं। कई बार अवसर आते हैं, विवाद का दूध उफनने पर आता हैं तो सहयोग, समझौता, सद्भावना, उसकी फूंक से बैठता हैं। यह समझने की शायद आज ज्यादा आवश्यकता हो गयी हैं।

जो माननीय सदस्य जा रहे हैं मेरा विश्वास हैं कि उनमें से कई लौटेंगे और यहां

से बहुत कुछ लेकर जा रहे हैं। Everyone grows richer from the experience of this institution. We are products of this institution.

वे जो जा रहे हैं उन सबको हमारे शुभकामनाएं हैं, सद्भावनाएं हैं। जो माननीय सदस्य जा रहे हैं वे कुछ छोड़कर भी जा रहे हैं। राघवजी ने कहा ....(**व्यवधान**)... मैं प्रयत्न करूंगा। पंडित जगन्नाथ बाबू ने अपने तीन दशकों से अधिक के राजनीतिक जीवन का निचोड़ यहां रखा है। बहुत सारी बातें कहीं जो विचारणीय हैं।

याद आता हैं मैं इसी संसद में था। उसके बाद उधर लोक सभा में रहा। जब पहली बार गुरूदास जी आए थे, कई बार हमको साथ काम करने का अवसर मिला। कई ऐसी-ऐसी घटनाएं हुई जिनसे देश की राजनीति ने नया मोड़ लिया था। हमें साथ काम करने का अवसर मिला था। वे जाएंगे। मेरा विश्वास हैं कि अपने राजनीतिक जीवन में या जहां भी जाएंगे हमारी शुभकामनाएं लेकर जाएंगे। वहां भी निरंतर कुछ न कुछ करते रहेंगे।

मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं। इस संसद के नेता के रूप में जो मुझे यह आदर हैं आप सबको सम्बोधित करने का उसका अनुभव करते हुए सम्माननीय प्रधान मंत्री जी की ओर से, सत्ता पक्ष की ओर से, समूचे सदन की ओर से जो सदस्य जा रहे हैं उनको हमारी शुभकामनांए। आपका निजी जीवन सुखी रहें, पारिवारिक जीवन भी सुखी रहे, राजनीतिक जीवन भी सुखी रहे, इन्ही शुभकामनाओं के साथ बहुत धन्यवाद।

## STATEMENT BY PRIME MINISTER

## REGARDING HIS RECENT VISIT TO MAURITIUS

MR. CHAIRMAN: We will now have statement by the Prime Minister regarding his recent visit to Mauritius.

THE PRIME MINISTER (SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE):As the House is aware, Mauritius and India have enjoyed a very close and traditional friendship. This has been continuously fostered through visits at the highest level. I was invited by Dr. Navinchandra Ramgoolam, the Prime Minister of Mauritius, to be the Chief Guest on the occasion of the first Independence Day celebrations in the new millennium. It is symbolic that 12 March was chosen by the leaders and people of Mauritius as their Independence Day to commemorate Mahatma Gandhi Dandi Salt March.